न्यायालय प्रथम अपील अधिकारी एंव जिला कलेक्टर ,टोंक

प्रकरण संख्या 39/2025

श्री मुकेश माली पुत्र श्री गंगाराम माली निवासी दूनी तहसील दूनी जिला टोंक राज0
--अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार दूनी जिला टोंक
प्रत्यर्थी

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय **दिनांक 08.07.2025**

प्रकरण का संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत अपील पेश की है। अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार दूनी जिला टोंक को आवेदन पत्र दिनांक 10.03.2025 को प्रेषित/प्रस्तुत कर निम्न वर्णित सूचना चाही गई:-

1. ग्राम सरोली खसरा नं. 1892/1286 अभि किसके नाम दर्ज है।
2. उक्त खसरा संख्या मे 1892/1286 अभि किसका अतिक्रमण है अतिक्रमण रिपोर्ट प्रति उपलब्ध करावे।
3. उक्त खसरा नं. मे भूमि को अतिक्रमी से कब बैदखल किया गया एवं भूमि को कब्जा राज लिया गया उसकी प्रतिलिपि उपलब्ध कराये।
4. उक्त भूमि पर वर्तमान में किसका अतिक्रमण है उसकी प्रति रिपोर्ट उपलब्ध कराये।

अपीलार्थी को निर्धारित समयावधि में सूचना उपलब्ध नहीं होने पर प्रत्यर्थी के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। अपील दर्ज रजिस्टर कर अपील प्रा0पत्र की छायाप्रति लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार दूनी जिला टोंक को पत्र कमांक 708 दिनांक 02.05.2025, 836 दिनांक 15.05.2025, 920 दिनांक 28.05.2025 व 1074 दिनांक 13.06.2025 को प्रेषित कर रिपोर्ट तलब की गई। अपीलार्थी को सुनवाई हेतु तलब किया गया। अपीलान्ट उपस्थित नही हुए। लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार दूनी द्वारा आज दिनांक तक कोई जवाब प्रेषित नही किया गया है। जिससे स्पष्ट है कि आवेदक को वांछित सूचना उपलब्ध नही करवाई गई। जबकि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 में सूचना उपलब्ध कराने की अवधि 30 दिवस निर्धारित की हुई है। अतः अपीलार्थी उनके द्वारा आवेदित सूचना प्राप्त करने का अधिकारी है।

फलतः अपील अपीलान्ट स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार दूनी जिला टोंक को निर्देशित किया जाता है कि वह अपीलार्थी को उनके द्वारा आवेदित सूचना/सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत दी जाने योग्य सूचना निर्णय की प्रति प्राप्ति से 20 दिवस में निःशुल्क उपलब्ध करावें। निर्णय की प्रति लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार दूनी जिला टोंक तथा अपीलार्थी को प्रेषित की जावे।

(कल्पना अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी
एंव जिला कलेक्टर टोंक

जिला कलेक्टर
टोंक

न्यायालय जिला कलेक्टर
राजस्थान